
West Bengal Board

Previous Year Question Papers



Download PDF

View Online For Free

Managed by aglasem.com

Total No. of Printed Pages : 7
Total No. of Questions : 7

New Syllabus

HINDI

(Group – A)

2018

Time : 3 Hours 15 Minutes] *[Full Marks : 80*

Special credit will be given for answers which are brief and to the point.
Marks will be deducted for spelling mistakes, untidiness and bad handwriting.
Figures in the margin indicate full marks for the questions.

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखिए :

खण्ड – क, ख तथा **ग** के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

खण्ड – क $1 \times 9 = 9$
खण्ड – ख $1 \times 6 = 6$
खण्ड – ग $1 \times 5 = 5$
} **कुल अंक** = 20

खण्ड – क

i) वरामदे में कुर्सी लगाकर राह जोहने लगा — कौन राह जोह रहा है ?

(क) विद्यानिवास मिश्र (ख) मुंशी प्रेमचन्द

(ग) हरिशंकर परसाई (घ) अज्ञेय ।

ii) उनमें से एक यह है कि समय ही धन है — वक्ता कौन है ?

(क) अज्ञेय (ख) मनीषा कुलश्रेष्ठ

(ग) मुंशी प्रेमचन्द (घ) विद्यानिवास मिश्र ।

iii) 'और मेरे आश्चर्य और क्षोभ का ठिकाना नहीं रहा' — प्रस्तुत पंक्ति किस पाठ से है ?

(क) बहता पानी निर्मला (ख) बिगड़ैल बच्चे

(ग) मैं नर्क से बोल रहा हूँ (घ) मेरे राम का मुकुट भींग रहा है ।

iv) अन्धेरे के मील के पत्थर हैं — यह कथन किसका है ?

(क) ई० बातून (ख) पे० नेता

(ग) कवि (घ) मिस कटारा ।

v) "वे दोनों युवा प्रणयी फिर एक दूसरे में मगन थे" — यह वाक्य किस पाठ से है ?

(क) बहता पानी निर्मला (ख) बिगड़ैल बच्चे

(ग) आजादी की नींद (घ) मेरे राम का मुकुट भींग रहा है ।

vi) मैंने लौटने का ही निश्चय किया — किसने निश्चय किया ?

(क) विद्याधर मिश्र (ख) मनीषा कुलश्रेष्ठ

(ग) अज्ञेय (घ) प्रेमचन्द ।

vii) आख़िर मेरी मौत भी आई — मौत कब आई ?

(क) रात होने पर (ख) बीमार होने पर

(ग) बाजार में घूमने पर (घ) रईस के लड़के की शादी पर ।

viii) तेज बारिश में पेड़ की छाया और दुखद हो जाती है — इस पंक्ति के रचयिता कौन हैं ?

(क) विद्यानिवास मिश्र (ख) अज्ञेय

(ग) प्रेमचन्द (घ) हरिशंकर परसाई ।

ix) इन लोगों को इतनी छूट है, हमें कभी थी क्या — यह कथन किसका है ?

(क) डॉक्टर (ख) बड़ा लड़का

(ग) अधेड़ सज्जन (घ) लेखक ।

खण्ड – ख

i) पुनि-पुनि कहत कौन है माता, कौन हें तेरौ तात — 'तात' से संकेतित कौन है ?

(क) कृष्ण (ख) बलदेव

(ग) नन्द (घ) उद्धव ।

ii) 'जाहि अनादि अनन्त अखण्ड, अछेद अभेद सुवेद बतावैं' — कवि का नाम बतलाइए ।

(क) प्रसाद (ख) सूरदास

(ग) घनानंद (घ) रसखान ।

iii) 'तेज अमिताभ अलौकिक कांत' — 'अमिताभ' किसको इंगित करता है ?

(क) तेज धूप (ख) बुद्ध

(ग) नागार्जुन (घ) प्रसाद ।

iv) वा लकुटी अरू कामरिया पर राज तिहूँ पुर को तजि डारौं — किस भाषा में रचित है ?

(क) अवधी (ख) ब्रजभाषा

(ग) मैथिली (घ) खड़ी बोली ।

v) छोड़कर जीवन के अतिवाद, मध्य पथ से लो सुगति सुधार — यह पंक्ति किस कविता से है ?

(क) जो बीत गई सो बात गई (ख) अकाल और उसके बाद

(ग) अरी बरूणा की शांत कछार (घ) रसखान के सवैये ।

vi) 'लघु जीवन लेकर आए हैं' — 'लघु जीवन' से क्या तात्पर्य है ?

(क) मानव जीवन (ख) कलियाँ

(ग) बादल (घ) फूलों का जीवन ।

aglasem.com

खण्ड – ग

i) पृथ्वीराज रासो के रचयिता का नाम बतलाइए ।

(क) जगनिक (ख) विद्यापति

(ग) दलपति विजय (घ) चन्दवरदाई ।

ii) रसखान का पूरा नाम क्या है ?

(क) सैयद इब्राहीम (ख) इब्राहीम जुनैद

(ग) इब्राहीम सैयद (घ) इब्राहीम गार्दी ।

iii) कबीर किस धारा के कवि हैं ?

(क) ज्ञानाश्रयी (ख) प्रेमाश्रयी

(ग) रामभक्ति (घ) कृष्णभक्ति ।

iv) पद्मावत महाकाव्य के रचनाकार कौन हैं ?

(क) कबीर (ख) कुंभनदास

(ग) जायसी (घ) मंझन ।

v) 'विद्यापति पदावली' की भाषा क्या है ?

(क) मैथिली (ख) अवधी

(ग) सधुक्कड़ी (घ) ब्रजभाषा ।

2. निम्नलिखित लघूत्तरीय प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 30 शब्दों में लिखिए । प्रथम प्रश्नांश के लिए **एक** वाक्य तथा दूसरे प्रश्नांश के लिए **दो** वाक्यों का प्रयोग कीजिए :

क) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लिखिए : $2 \times 3 = 6$

i) मनुष्य समाज दो भागों में बँट गया है —

किस पाठ से है ? लेखक कौन हैं ? 1 + 1

ii) जिसे पहाड़ी प्रदेश देखने हो वह भूरे और पीले प्रदेशों में चला जाए ।

पाठ का नाम लिखिए । लेखक का पूरा नाम बतलाइए । 1 + 1

aglasem.com

iii) यह युवा पीढ़ी कुछ ज्यादा ही लापरवाह है ।

यहाँ किस लापरवाही की बात कही गई है ? लेखक का नाम बताइए । 1 + 1

iv) किसी के आगे हाथ नहीं फैलाया ।

वक्ता कौन है ? इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए । 1 + 1

v) यह ईमानदारी की मोमियाई है — सच्चाई की तर्जुमिक है । वक्ता और श्रोता का नाम लिखिए । 1 + 1

vi) "यह बुनियादी उसूलों के खिलाफ है ।"

वक्ता कौन है ? यह किस रचना से है ? 1 + 1

ख) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए : 2 × 2 = 4

i) सुनहु कान्ह, बलभद्र चबाई, जनमत ही को धूत

वह कथन किसका है ? 'धूत' किसे कहा गया है ? 1 + 1

ii) पाहन हौं तो वही गिरि को जो धर्‌यो कर छत्र पुरन्दर धारन ।

'गिरि' से क्या तात्पर्य है ? 'पुरन्दर' का अर्थ बतलाइए । 1 + 1

iii) पिता का वक्ष भरा वात्सल्य, पुत्र का शैशव सुलभ दुलार,

'पिता' शब्द किसके लिए आया है ? 'पुत्र' से कौन संकेतित है ? 1 + 1

iv) धुआँ उठा आँगन के ऊपर कई दिनों के बाद ।

कवि का नाम बतलाइए । किस कविता से है ? 1 + 1

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर 150 शब्दों में लिखिए : 5 × 3 = 15

i) नई सभ्यता ने व्यक्ति-स्वातन्त्र्य के पंजे, नाखून और दाँत तोड़ दिये हैं — इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।

ii) यात्रा करने के कई तरीके हैं — यहाँ यात्रा करने के किन तरीकों का वर्णन है ?

iii) 'आजादी की नींद' एकांकी में निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए ।

iv) इस धन-लोभ ने मनुष्यता और मित्रता का नाम शेष कर डाला है ।

किस पाठ से है ? यहाँ निबन्धकार क्या कहना चाहता है ?

v) उसमें मनुष्यत्व है, तुझमें पशुत्व भी नहीं — ऐसा कहने के पीछे लेखक का क्या अभिप्राय है ?

4. निम्नलिखित में से किसी **एक** खण्ड के **दोनों** प्रश्नों के उत्तर लिखिए (प्रत्येक उत्तर अधिकतम 150 शब्दों में) : $5 \times 2 = 10$

खण्ड – क

i) पठित पदों के आधार पर गोपिकाओं की विरह-वेदना का वर्णन कीजिए ।

ii) निम्नलिखित पद्यांश का ससंदर्भ अर्थ स्पष्ट कीजिए :

दैव कर से पीड़ित विक्षुब्ध, प्राणियों से कह उठा पुकार —
तोड़ सकते हो तुम भव-बन्ध, तुम्हें है पूरा अधिकार ।

खण्ड – ख

i) 'अकाल और उसके बाद' कविता का प्रतिपाद्य लिखिए ।

ii) निम्नलिखित पद्यांश का काव्य सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए :

अति सूधो सनेह को मारग है जहाँ नेकु सयानप बाँक नहीं ।
तहाँ साँचे चलै तजि आपनपौ झिझकै कपटी जे निसाँक नहीं ।।

5. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर 200 शब्दों में लिखिए : $5 \times 1 = 5$

क) कृष्णभक्ति शाखा की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए ।

ख) किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

तुलसीदास, पद्मावत, विद्यापति, बिहारी ।

6. किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

क) उपसर्ग पृथक कीजिए :

अनायास, संरक्षण ।

ख) वाक्य प्रयोग द्वारा लिंग निर्धारित कीजिए :

सड़क, अस्पताल ।

ग) वचन बदलिए :

युवा, महानगर ।

घ) निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए :

i) पर यहाँ भी हम किसी को दोषी नहीं ठहरा सकते ।

(प्रश्नवाचक वाक्य में)

ii) उनमें सबसे अधिक घातक और रक्त-पिपासु यही व्यवसाय वाला सिद्धान्त है ।

(सरल वाक्य में)

ङ) शुद्ध करके लिखिए :

i) छत से बिस्तर समेटकर कमरे में आयी ।

ii) रोगी अपनी दुःख गाथा सुनाने के लिए बेचेन है ।

च) प्रत्यय पृथक कीजिए :

ईश्वरीय, नीरसता ।

7. किसी **एक** विषय पर 350 शब्दों में निबंध लिखिए : $10 \times 1 = 10$

क) नोटबंदी से लाभ और हानि

ख) विद्यार्थियों के कर्त्तव्य

ग) श्रम ही सौं सब मिलत हैं, बिनु श्रम मिले न काहि

घ) फुटबाल मैच ।

aglasem.com